भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
17.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2858 का उत्तर

गुवाहाटी-श्रीगंगानगर विशेष रेलगाड़ी

2858. श्री कुलदीप इंदौरा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलगाड़ी संख्या 05635/05636 गुवाहाटी-श्रीगंगानगर विशेष रेल सेवा के परिचालन अवधि के दौरान यात्रियों की संख्या कुल क्षमता से 200 प्रतिशत से भी अधिक रही और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का इस रेल सेवा को नियमित और दैनिक आधार पर चलाने और इसके मार्ग को गुवाहाटी से न्यू बोंगाईगांव, न्यू जलपाईगुड़ी, बरौनी, हाजीपुर, सीवान, थावे, दुदही, कप्तानगंज, गोरखपुर, अयोध्या, लखनऊ, कानपुर, बांदीकुई, जयपुर से होते हुए श्रीगंगानगर तक बढ़ाने का विचार है ताकि तीर्थयात्रियों को उक्त मार्ग पर स्थित तीर्थ स्थलों तक सुविधाजनक परिवहन सुविधा मिल सके और यह व्यापारियों और सैनिकों की आवाजाही के लिए भी लाभदायक सिद्ध हो और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का इसके लिए भारी मांग, धार्मिक तीर्थयात्राओं की सुविधा, सैनिकों और व्यापारियों की आवाजाही और पूर्व-पश्चिम संपर्क को मजबूत करने के मद्देनजर इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने का विचार है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): त्यौहारों, अवकाशों, धार्मिक आयोजनों आदि के दौरान यात्रियों की यात्रा सुगम बनाने हेतु भारतीय रेल नियमित गाड़ियों में उपलब्ध सीटों की कमी को पूरा करने हेतु स्पेशल गाड़ी सेवाएं

चलाती है। तदनुसार, भारतीय रेल ने गुवाहाटी-श्रीगंगानगर रेलखंड के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु 21.05.2025 से 25.06.2025 तक 05635/05636 गुवाहाटी-श्रीगंगानगर स्पेशल का परिचालन किया गया। गाड़ी संख्या 05635/05636 गुवाहाटी-श्रीगंगानगर स्पेशल गाड़ी का अधिभोग 100% से अधिक था।

इसके अलावा, किसी भी मार्ग/रेलखंड पर नई रेलगाड़ी सेवा शुरू करना/विशेष रेलगाड़ियों की सेवा को नियमित करना निम्नलिखित कारकों पर निर्भर करती है:

- उस खंड की क्षमता
- मार्ग की उपलब्धता
- संबंधित चल स्टॉक अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ एवं अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकताएँ

*****